Title: Need to retain Regional Office of Allahabad Bank at Darbhanga, Bihar.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) :** सभापति महोदय, उत्तर बिहार में व्यापारिक, आर्थिक ओर राजनैतिक दृटिकोण से दरभंगा शहर मिथिलांचल का प्रमुख केन्द्र है। यह प्रमंडल मुख्यालय भी है। इस शहर में पंजाब नेशनल बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा इलाहाबाद बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय कार्यरत हैं और यहां पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का भी अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। लेकिन अचानक इलाहाबाद बैंक ने दरभंगा स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय को बंद कर मुजफ्फपुर क्षेत्रीय कार्यालय में विलय करने का निर्णय ले लिया है, जिसके कारण बैंक के ग्राहकों में निराशा छा गई है। लगभग 750 कि.मी. दूर स्थित मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय कार्यालय से पूर्वी बिहार के किसनगंज, पूर्णिया आदि दूरस्थ जिलों के बैंक ग्राहकों की शिकायतों एवं सुझावों का त्वरित निपादन किया जाना कठिन और विलम्बपूर्ण होगा।

अतः भौगोलिक एवं व्यापारिक दोनों दृटिकोणों से मैं चाहूंगा कि दरभगा स्थित इलाहाबाद बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय को लोकहित में यथावत रखने पर सरकार शीघ्र पहल करे।

MR. CHAIRMAN :

Shri Brajesh Pathak − not present.

Shrimati V. Radhika Selvi − not present.